उत्तर प्रदेश शासन
पशुधन अनुभाग-1
संख्या-43/2015/4180 /37-1-2015
लखनऊःदिनांक 16 दिसम्बर, 2015

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा पशु चिकित्साधिकारी के पद पर चयनित डा0 सोनम दीक्षित पुत्री श्री राजेश कुमार दीक्षित को पशुधन अनुभाग-1 के आदेश संख्या-3184/37-1-15-2(51)/2014, दिनांक 6-8-2015 द्वारा पशु चिकित्साधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए पशु चिकित्सालय जलीलपुर, बिजनौर के पद पर तैनात किया गया।

2- डा0 दीक्षित के पिता श्री राजेश कुमार दीक्षित द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 12.8.2015 के माध्यम से उनका तैनाती स्थल परिर्विर्तत करने का अनुरोध किया गया, जिस पर सम्यक विचारोपरांत कार्यालय आदेश संख्या 3333/37-1-15-2(51)/2014 दिनांक 27.8.2015 द्वारा उनका तैनाती स्थल पशु चिकित्सालय, जलीलपुर बिजनौर को परिवर्तित करते हुए पशु चिकित्सालय शहब्दा, औरैया किया गया।

3- डा0 दीक्षित द्वारा अपने पत्र दिनांक 14-9-2015 के माध्यम से कार्यभार ग्रहण करने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया। डा0 सोनम दीक्षित के पत्र दिनांक 14-9-2015 पर सम्यक विचारोपरान्त पशु चिकित्सालय शहब्दा, औरैया में पशु चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने हेतु दिनांक 21.12.2015 तक का समय प्रदान किया जाता है।

सुनील कुमार
अनु सचिव।

<u>संख्या- 43/2015/4180 (1) /37-1-2015, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(2) उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(3) निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, इलाहाबाद।
(4) निदेशक(प्रशासन एवं विकास), पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(5) अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, कानपुर/मुरादाबाद मण्डल।
(6) मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, औरैया/बिजनौर।
(7) कोषाधिकारी, औरैया/बिजनौर।
(8) सम्बन्धित अधिकारी (रजिस्टर्ड डाक से)
(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुनील कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।